**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**
**14.12.2022 के**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1169 का उत्तर**

**राजस्थान में रेलवे कार्यों हेतु प्रस्ताव**

**1169. श्री देवजी पटेल:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क) विगत तीन वर्षों के दौरान राजस्थान राज्य के लिए रेलवे कार्यों विशेषकर नई रेलवे लाइनों, प्रमुख स्टेशनों पर प्रमुख रेलगाड़ियों के ठहराव, जिला मुख्यालय को रेल से जोड़ने और उपरि पुलों के निर्माण आदि के संबंध में सरकार को संसद सदस्यों से क्या अनुरोध या प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं;**

**(ख) इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है और उक्त अनुरोधों/प्रस्तावों पर और अब तक क्या कार्रवाई की गई है;**

**(ग) राजस्थान के कितने अनुरोध/प्रस्ताव रेलवे के पास वर्तमान में लंबित पड़े हैं; और**

**(घ) इनके लंबित रहने के क्या कारण हैं?**

**उत्तर**

**रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।**

*********

s.k

**राजस्थान में रेलवे कार्यों हेतु प्रस्ताव के संबंध में 14.12.2022 को लोक सभा में श्री देवजी पटेल के अतारांकित प्रश्न सं. 1169 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित विवरण।**

(क) से (घ): नई गाड़ियों को चलाने, मौजूदा गाड़ियों के विस्तार, ठहरावों का प्रावधान, नई लाइनों, आमान परिवर्तन, दोहरीकरण, ऊपरी/निचले सड़क पुलों आदि के लिए माननीय संसद सदस्यों सहित रेल प्रशासन के विभिन्न स्तरों अर्थात् मंडल, क्षेत्रीय मुख्यालय और रेलवे बोर्ड स्तर पर दोनों औपचारिक और अनौपचारिक प्रस्ताव/सुझाव/अभ्यावेदन प्राप्त होते हैं, जिनका सार-संग्रह नहीं रखा जाता है। बहरहाल, इनकी जांच की जाती है और इन्हें व्यवहार्य तथा औचित्यपूर्ण पाए जाने पर समय-समय में इन पर कार्रवाई की जाती है।

01.04.2022 की स्थिति के अनुसार, राजस्थान राज्य में पूर्णत:/आंशिक रूप से पड़ने वाली 5,069 किलोमीटर लंबाई वाली 59,271 करोड़ रु. लागत की 28 परियोजनाएं (11 नई लाइन, 05 आमान परिवर्तन और 12 दोहरीकरण) योजना/अनुमोदन/निष्पादन के विभिन्न चरणों में हैं। इनमें से 1,195 किलोमीटर लंबाई को कमीशन कर दिया गया है और मार्च, 2022 तक 11,207 करोड़ रु. का व्यय किया गया है।

रेल परियोजना/ओं का समय पर पूरा होना राज्य सरकार द्वारा शीघ्र भूमि अधिग्रहण, वन विभाग के पदाधिकारियों द्वारा वन संबंधी मंजूरी, लागत में भागीदारी वाली परियोजनाओं में राज्य सरकार द्वारा लागत भागीदारी का निक्षेप, परियोजनाओं की प्राथमिकता, बाधक जनोपयोगी सेवाओं की शिफ्टिंग, विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक स्वीकृतियां, क्षेत्र की भौगोलिक और स्थलाकृतिक परिस्थितियों, परियोजना स्थल के क्षेत्र में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति, जलवायु परिस्थितियों के कारण परियोजना/ओं विशेष के स्थल के लिए किसी वर्ष में कार्य के महीनों की संख्या इत्यादि पर निर्भर करता है और ये सभी कारक परियोजना/ओं के समापन समय को प्रभावित करते हैं। रेलवे परियोजना/ओं को शीघ्र पूरा करने के लिए सभी प्रयास कर रही है।

*****

s.k